लार एकत्रित करने के निर्देश

कृपया अनुरोध-पत्र में अपनी कानूनी जानकारी भरें। हम इस बार पसंद के नाम स्वीकार नहीं कर सकते।

नोट: अनुरोध-पत्र पर लिखा गया कानूनी पहला नाम और आखिरी नाम के साथ जन्मतिथि भी नमूने पर लगे लेबल से मेल खानी चाहिए।

निर्देशों का पालन करना जरूरी है नहीं तो नमूने संसाधित नहीं हो पाएंगे।

1 अपना नमूना लेने के 30 मिनट पहले से खाना, पीना, गम चबाना, धूम्रपान और वेपिंग ना **करें**।

- लेबोरेटरी के अनुरोध-पत्र को अपनी कानूनी जानकारी के साथ पूरा भरें।

2 पैकेज को बैग से बाहर निकालें और कागज को पीछे की तरफ खींचते हुए उसे खोलें। अंदर आपको दो हिस्से दिखेंगे - एक ढक्कन जिसमें नीले रंग का द्रव्य है और एक पात्र जिसमें ऊपर एक कुप्पी लगी हुई है।

3 बिना निगले हुए अपने थूक को अपने मुंह में रखें; फिर धीरे से कुप्पी वाले पात्र में सलाइवा को डाल दें।

4 आपको पात्र को पर्याप्त सलाइवा से भरना है जब तक काली लाइन तक ना पहुँच जाएं जिस पर लिखा है “यहाँ तक थूकें”।

सलाइवा में यदि कोई बुलबुले हैं तो वे पूरी मात्रा में नहीं माने जाएंगे। कृपया सुनिश्चित कर लें कि सलाइवा की मात्रा काली लाइन तक पहुँच रही है और बुलबुले लाइन के ऊपर जा रहे हैं। इसमें कुछ मिनट का समय लग सकता हा, तो ऐसा करते रहें।

5 जब आपके पास पर्याप्त सलाइवा एकत्रित हो जाए तो कुप्पी को घुमा कर निकाल दें और कचरे में फेंक दें।



6 नीले रंग के द्रव्य वाला ढक्कन पात्र के ऊपर लगाएं। सुनिश्चित कर लें कि ढक्कन ढंग से लग गया है और उसे घुमए जब तक आप को “क्लिक” की आवाज़ ना सुनाई दे और नीला द्रव्य पात्र में मिल ना जाए। अपने माता/पिता या किसी बड़े को इस चरण में आपकी मदद करने के लिए कहें।

7 पात्र को हल्के से 3-5 बार हिलाएं जिस से कि सब कुछ आपस में अच्छी तरह मिल जाए।

8 लेबल पर अपना कानूनी पहला और आखिरी नाम और जन्मतिथि लिख कर पूरा करें और उसे सलाइवा के नमूने के पात्र पर लंबाई में चिपकाएं।

9 अपने लेबल किए हुए सलाइवा के नमूने को उसी बैग में वापिस रख दें जिसमें वह आया था। बैग की बाहरी पॉकेट में अपना पूरा किया हुआ अनुरोध-पत्र रखें।

सलाइव के नमूने को एकत्रित करने के 24 घंटे के भीतर कृपया अपने उपयुक्त स्थान पर जमा करा दें। इसे सामान्य तापमान पर रखा जा सकता है, फ्रिज में रखने की ज़रूरत नहीं है।

अधिक जानकारी और छोटे बच्चों के लिए मजेदार टिप्स, हमारे सलाइवा वीडियो को देखने के लिए QR कोड को स्कैन करें करें या यहां जाएं: **https://youtu.be/Ru-vFZdImes**

कैसे स्कैन करें: अपने फ़ोन पर कैमरा खोलें, कोड पर लक्षित करें, बैनर दिखने पर उसको टैप करें।

SickKids®